







# मैहर में अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई

## विभागीय कार्य में बाधा डालने पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 23 जून, मैहर नगर में घंटाघर एवं स्टेट बैंक चौराहे के आसपास लगातार ठेलेवालों द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई की।**

नगर पालिका द्वारा कई बार समझाइश देने तथा निर्धारित एवं चिन्हित स्थानों पर दुकान लगाने की अनुमति देने के बावजूद कुछ ठेले संचालक सड़क किनारे कब्जा कर दुकानें लगा रहे थे, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। इसी क्रम में अतिक्रमण दस्ते ने स?क किनारे लगाए गए कई ठेलों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान कुछ ठेले संचालकों ने विरोध जताते हुए अपना सामान स?क पर पलट दिया तथा अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारियों से विवाद करने लगे, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। नगर पालिका के अनुसार कार्रवाई के दौरान आबिद खान नामक युवक द्वारा विभागीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने, कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में नगर पालिका की शिकायत पर मैहर थाना में आबिद खान के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली-गलौज एवं मारपीट सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।




### रेस्टोरेंट और पेट्रोल पंपों की हुई आकस्मिक जांच



कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार सोमवार को डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल और सहायक आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में मैहर जिले के डीजल पेट्रोल पंप, ढाबा और रेस्टोरंट की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मैहर-कटनी रोड पर घुनवारा, झुकेही, बदेरा सहित अन्य स्थानों पर जांच की गई। इस दौरान पारस फिलिंग सेंटर बदेरा में स्टाक का निरीक्षण किया गया। जहां पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल पाया गया। बागेश्वर बालाजी टूरिस्ट फैमिली ढाबा रेस्टोरेंट की जांच के दौरान 4 घरेलु सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाये जाने पर जब्त किया गया। इसी प्रकार शिव शक्ति ढावा एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान दो घरेलु सिलेण्डर का उपयोग करने पर जब्त किया गया। डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल ने बताया कि घरेलु गैस का दुरूपयोग करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# मैजिक और ट्रक के बीच हुई सीधी भिड़ंत

## अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, बड़ा हादसा टला, जबलपुर से सतना आ रहा था मैजिक वाहन

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 23 जून, मैहर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हरनामपुर बाईपास स्थित सिमरन सरोवर होटल के पास मंगलवार की सुबह करीब 18 बजे मैजिक वाहन और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद अफरा-तफरी मच गई। हादसे में अनियंत्रित हुआ ट्रक स?क किनारे बने एक मकान में जा घुसा, जिससे मकान को नुकसान पहुंचा है। हालांकि दोनों वाहन चालकों को मामूली चोटें आई हैं।**



जानकारी के अनुसार मैजिक वाहन (क्रमांक एमपी 20 जेड जे 2652) के चालक प्रमोद मेहरा (35 वर्ष) निवासी बड़ा बेलखेड़ा, जबलपुर, जबलपुर से सतना की ओर जा रहे थे। वहीं ट्रक (क्रमांक एमपी 19 जेड जी 9987) का चालक मिथलेश शाहू रेलवे साइडिग क्षेत्र से जबलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान हरनामपुर बाईपास के पास दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सड़क किनारे स्थित अविनाश दाहिया के मकान में जा घुसा।

हादसे में मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय घर में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। दोनों वाहन चालकों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सांसद गणेश सिंह को कार्य समिति में जगह मिलने पर हर्ष

**नवभारत न्यूज**

**अमदरा 23 जून भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित नई प्रदेश कार्यसमिति में सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किए जाने से विंध्य क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।**

गणेश सिंह लंबे समय से भाजपा संगठन और जनसेवा से जुड़े रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश कार्यसमिति में जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक जानकार इसे विंध्य क्षेत्र के बढ़ते महत्व और संगठन में उनके योगदान का सम्मान मान रहे हैं।

सांसद गणेश सिंह जी को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलने पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके अनुभव का लाभ प्रदेश संगठन को मिलेगा और पार्टी की गतिविधियों को नई मजबूती प्राप्त होगी।

भाजपा की नई प्रदेश कार्यसमिति में गणेश सिंह की नियुक्ति को सतना जिले के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे क्षेत्र की आवाज संगठन के उच्च स्तर तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगी। "सतना के लिए गौरव की बात है कि सांसद गणेश सिंह को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिला है। इससे विंध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा।"

वहीं मंडल अमदरा के वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश परौहा चंद्रभान पटेल रमाकांत दुबे कामता सोनी मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे शिवकुमार शुक्ला विष्णु अग्रवाल सुरेश शिवहरे दिलीप सिंह रमेश परौहा प्रमोद पांडे वीरेंद्र चतुर्वेदी नीलेंद्र दुबे कृष्ण कुमार परौहा सुजीत शुक्ला राजकिशोर द्विवेदी मदन कोल विकास गुप्ता पुरूषोतम पटेल फूलचंद्र पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

# ठेकेदार की लापरवाही से पानी की मेन लाइन टूटी,बह रहा पानी

## सड़क चौड़ीकरण करते समय टूटी पाईप लाइन



**नवभारत न्यूज**

**नागौद 23जून । नागौद के हॉस्पिटल चौराहा में चल रहे सड़क चौड़ीकरण के कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही से जेसीबी चालक ने नल की मेंन लाइन तोड़ दी जिस कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया जिसके कारण शायद एक-दो दिन पानी की सप्लाई बंद रहने की आशंका है।**

बताया जाता है कि ठेकेदार को स्थानीय लोगों ने बतलाया था कि यहां पर मेन लाइन का पाइप निकला है इसके बावजूद ठेकेदार ने नजर अंदाज किया और शहर की पानी की मेन लाइन तोड़ दी। गर्मी पानी की भी समस्या हो सकती है । स्थानीय लोगों ने ठेकेदार एवं जेसीबी चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग किया है।

### एड . विनोद सिंह कचनार की माता जी का स्वर्गवास



**नागौद ।** वरिष्ठ एडवोकेट कचनार निवासी विनोद सिंह परिहार की माताजी श्रीमती सावित्री सिंह उम्र 93 वर्ष का मंगलवार की सुबह नागौद निज निवास में स्वर्गवास हो गया है ।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कचनार में बुधवार की दोपहर 3:00 बजे संपन्न होगा। वे कचनार परिवार में उम्र से सबसे वरिष्ठ सदस्य रही श्रीमती सावित्री सिंह के निधन पर ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों एवं परिवार जनों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# कोटर और अबेर में भैंस चोरों का आतंक

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 23 जून, सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अबेर, रजरवार, बिहरा, कोटर सहित थाना क्षेत्र में भैंस चोरों ने आतंक मचाया हुआ है।**

इस गर्मी के सीज़न में पशु पानी व धूप छांव, भोजन की तलाश में दूर निकल जाते हैं और चोर उसी का फ़ायदा उठाकर आज के ज़माने के महंगे पशुधन भैंस और बकरी चुरा कर गुप्त रास्ते से जिला पार कर व्यवसाय करते हैं। अबेर निवासी किसान रामकलेश सिंह पिता रामावतार सिंह ने कोटर थाना में रिपोर्ट कर बताया कि मैं अपने घर के पीछे बगीचे में 4 नग भैंस 2 लाख कीमती चराने के लिए ले गया था शाम को घर खाना खाने आ गया और वापस बगीचा गया तो भैंस बगीचे में नहीं थी। जो मेरे परिवार पालने व मेरी जीविका का साधन थी।काफी खोजबीन और पता तलाश करने के बावजूद भी नहीं मिली तब कोटर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना में रिपोर्ट दर्ज कर पता तलाश का आश्वासन दिया है।



### शिवपूजन अभिषेक प्रारंभ

**सतना 23 जून,** ग्राम बिलौंधा में शंकर जी का शिव पूजन तथा वैदिक परंपरा अनुसार अभिषेक रामनरेश बढ़गया सब परिवार बिट्टन बढ़गया रामलला द्विवेदी राम जी समस्त गृह लक्ष्मी सहित पूजन किया गया वैदिक मंत्र उपचार पंडितों द्वारा ब्राह्मण पंडितों से शंकर जी का पूजन अर्चन अभिषेक किया गया उपस्थित धर्म प्रेमी बसंत पांडे भीम व्यास ग्राम वासी उपस्थित रहे समस्त मानव जाति के कल्याण हितार्थ प्रार्थना की गई कल 24 जून को भंडारा आयोजित किया गया है।

# ओबीसी महासभा ने पद यात्रा निकाल कर राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 23 जून, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ का संदेश लेकर ओबीसी महासभा के जिला युवाध्यक्ष दीपनारायण कुशवाहा राजा भैया के नेतृत्व में 25 किलोमीटर लंबी पद यात्रा निकाली गई जो कि जसो से प्रारम्भ होकर सुरदहा कला रहीकवारा आदि ग्रामों से होती हुई कचेहरी प्रांगण नागौद में ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।**



राजपाल के नाम एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन 14 सूत्रीय ज्ञापन की मुख्य मांगें थी, 13 प्रतिशत ओबीसी का होल्ड हटाना, जातिगत जनगणना, संख्यानुपात हिस्सेदारी, नागौद सिविल अस्पताल में ट्रामा सेंटर, गायनोलॉजिस्ट की उपलब्धता, जनसंख्या के लिहाज से बड़ी पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, खाद की उपलब्धता, किसानों के लिए एमएसपी गारंटी एक्ट, गांव गांव बिक रही अवैध शराब एवं पैकारी के खुले ठेकों पर लगाम लगाने, आदिवासियों दलितों की जमीनों पर बेज कब्जा, उनके न्याय के समुचित प्रबंध आदि से संबंधित मांगे थी। इस कार्यक्रम में जयस संगठन का भी समर्थन रहा संगठन के संभागीय अध्यक्ष रवि कुमार कोल, ओबीसी महासभा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक योगेश योगी, प्रदेश संयोजक पंकज सेन, जिलाध्यक्ष किमो दलजीत किसान बडोहरा, समाजसेवी गायक सम्राट प्रदीप बौद्ध, वरिष्ट समाज सेवी शिवप्रसाद कुशवाहा जनपद सदस्य, राहुल कुशवाहा, ओबीसी महासभा विधान सभा अध्यक्ष नागौद निखिल कुशवाहा, युवा समाज सेवी सत्यम कुशवाहा, अंकुश कुशवाहा, शंकर सड़वा, मनोज कुशवाहा, वरिष्ठ समाज सेवी लोकेश लोधी, विधान सभा अध्यक्ष रैंगाव विवेक बंसल मढ़ी, पुष्पेंद्र कुशवाहा, पप्पू कुशवाह, रंजेश कोल ब्लॉक अध्यक्ष जयस नागौद सचिन कोल, ब्लॉक उपाध्यक्ष नागौद, नवीन कुशवाहा, ब्रजेश कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अखिल कुशवाहा,राहुल कुशवाहा,बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष सतना, प्रोफ़ेसर जलील मौर्या,अंशु कुशवाहा, भईया कुशवाहा, प्रोफ़ेसर ब्रजेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, रामदेव कुशवाहा,नारायण तोमर, रामसेवक वर्मा भीम आर्मी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नागौद, रामभरोशी लोधी चुरहाई, संतलाल कुशवाहा, रमेश कुशवाहा जी( पूर्व सरपंच), अजीत कुशवाहा, युवा समाजसेवी शिवसिंह पाल ओबीसी मीडिया प्रभारी नागौद, पुष्पेंद्र कुशवाहा, हिमांशु कुशवाहा, शैलेंद्र कुशवाहा, नवीन कुशवाहा,राजकुमार कुशवाहा,वरिष्ट सामाजिक चिंतक अंजुल दहायत, रामिलन कोल वरिष्ट सेवी, अंशु कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

### क्या कहा तहसीलदार ने

ज्ञापन में मांगी गई मांगों को संबंधित महामहिम राज्यपाल महोदय तक भेजी जाएंगी, सीमांकन और राजस्व संबंधी मुद्दों को हल किया जाएगा, साथ ही टीम बनाकर अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही होगी

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के प्लेसमेंट की प्रक्रिया हुई प्रारम्भ

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 23 जून । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के रोजगारोन्मुखी भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्लेसमेंट गतिविधियों को गति प्रदान की जा रही है। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे है के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल सक्रिय भूमिका निभा रहा है।**



ज्ञातव्य है कि गत 12 जून 2026 को फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न संकायों के 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया था। इसी क्रम में आज 23 जून 2026 को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर पद हेतु विश्वविद्यालय परिसर में साक्षात्कार आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. रविकांत श्रीवास्तव ने बताया कि कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के निर्देशानुसार जुलाई एवं अगस्त माह में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार एवं करियर निर्माण के अवसर भी प्रदान करना है। डॉ. श्रीवास्तव ने विश्वास व्यक्त किया कि प्लेसमेंट गतिविधियों के इस सुदृढ़ अभियान का विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को व्यापक लाभ मिलेगा तथा वे अपनी योग्यता एवं प्रतिभा के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अंतिम वर्ष एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से आगामी प्लेसमेंट कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि वे उपलब्ध रोजगार अवसरों का अधिकतम लाभ उठा सकें।

# कोटर के प्रदीप पाण्डेय एफ एस ओ पद पर चयनित

**नवभारत न्यूज**



**कोटर 23 जून, सतना जिले के कोटर निवासी रिटायर्ड शिक्षक कौशलेंद्र पांडे के छोटे पुत्र प्रदीप कुमार पांडे ने मध्य कर्मचारी चयन आयोग एमपीपीएससी परीक्षा पास कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी एफ एस ओ के पद पर चयनित हुए हैं।**

वर्तमान में वह रेलवे में जे ई पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपने माता-पिता और समस्त परिवार कोटर नगर परिषद एवं पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस कामयाबी पर विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया कोटर मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि रामदयाल पयासी, विधायक प्रतिनिधि नगर परिषद सुनील त्रिपाठी, नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह सभापति बबलू गौतम, समाजसेवी रमेश मिश्रा विद्याभूषण पांडे बबलू पांडे एवं समस्त कोटर वासियों ने उन्हें बधाई दी।

### मेहुती के ओम शुक्ला का चयन नेवी में हुआ



कोटर ।सतना के मझगांव तहसील अंतर्गत मेहुती निवासी ओम शुक्ला पिता रवींद्र शुक्ला जो वन विभाग में कार्यरत हैं उनके पुत्र का चयन इंडियन नेवी में हुआ उन्होंने अपने पिता के साथ-साथ अपने नाना रिटायर्ड शिक्षक कौशलेंद्र पांडे एवं समस्त परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

# वन विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर की सारस की गणना

**अमर सिह राठौर**

**चित्रकूट 23 जून, उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस के संरक्षण एवं उनकी संख्या के आकलन के लिए विष्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में वन विभाग द्वारा व्यापक सारस गणना का आयोजन किया गया।**



इस दौरान जनपद के विभिन्न आर्द्र क्षेत्रों, कृषि भूमि एवं जलाशयों में सारस पक्षियों का अवलोकन किया गया तथा अनेक स्थानों पर उनकी उपस्थिति दर्ज की गई। चित्रकूट के प्रभागीय वनाधिकारी डा0 प्रत्यूष कटियार ने बताया कि यह सम्पूर्ण अभियान रानीपुर टाइगर रिजर्व के वन्यजीव प्रतिपालक गोविन्द पटेल के नेतृत्व में संचालित किया गया। गणना कार्य में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सारसों की संख्या, उनके आवास एवं व्यवहार संबंधी विवरण संकलित किए गए। डीएफओ डा0 कटियार ने बताया कि सारस विश्व का सबसे ऊँचा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है तथा यह भारतीय उपमहाद्वीप के आर्द्र क्षेत्रों एवं कृषि परिदृश्यों का एक महत्वपूर्ण घटक है। उत्तर प्रदेश में सारस को विशेष संरक्षण प्रदान किया जाता है क्योंकि यह स्वस्थ आर्द्रभूमियों एवं संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण संकेतक है। सारस सामान्यत: जीवनभर एक ही जोड़े के रूप में रहते हैं तथा अपने पारिवारिक व्यवहार एवं प्रजनन निष्ठा के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होने बताया कि वन विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की गणनाएँ कर सारसों की स्थिति का आकलन किया जाता है। जिससे उनके संरक्षण एवं आवास प्रबंधन हेतु प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके। उन्होने बताया कि चित्रकूट जनपद में आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं जनसहभागिता के माध्यम से सारस संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। चित्रकूट के प्रभागीय वनाधिकारी डॉ प्रत्यूष कटियार ने बताया कि दिसंबर 2025 में हुई शीतकालीन गणना में उत्तर प्रदेश में कुल 20,628 सारस पाए गए थे।

# मां मंदाकिनी को सदानीरा एवं श्री कामदगिरी के मूल स्वरूप को बनाए रखने वेबीनार का आयोजन

## चित्रकूट में पहाड़, जंगल और मंदाकिनी पर प्रमुखता से कार्य करने की जरूरत : कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 23 जून, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के सहयोग से मंगलवार को मां मंदाकिनी नदी के पुनर्जीवन, सीवेज प्रबंधन एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन हेतु प्रस्तावित कार्य योजना सम्बन्धित बैठक का वर्चुअली आयोजन किया गया।**



कार्यशाला का शुभारंभ दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री अभय महाजन के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने कहा कि चित्रकूट के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए इसके विकास हेतु जनता की पहल एवं पुरूषार्थ तथा शासकीय व सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयत्न से बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि नानाजी का हमेशा से ध्येय रहा है कि जनता की पहल और पुरुषार्थ से जो भी काम होता है हमेशा टिकाऊ होता है, नानाजी ने ढ़ाई दशक पूर्व पानी को लेकर काफी कुछ काम जन भागीदारी से करके दिखाया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निदेशक डॉ अजीत कुमार विद्यार्थी ने वेबीनार का संयोजन करते हुए कहा कि मां मंदाकिनी को सदानीरा बनाने हेतु पूर्व में जो कार्यशाला और चिंतन हुआ है उसके आधार पर जो प्रमुख बातें निकलकर आई उनमें पवित्र कामदगिरि पहाड़ी का पुनर्स्थापन, पैसुनी- मंदाकिनी नदी तंत्र का जलागम प्रबंधन, बाढ़ प्रबंधन, क्षतिग्रस्त वन पारिस्थितिकी तंत्र का पारिस्थितिक पुनर्स्थापन, सीवेज का इन-सीटू उपचार (स्थल पर उपचार), सीवेज प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर क्रियान्वयन के लिए वैज्ञानिक तरीके से जो कार्य योजना तैयार की गई है इसका प्रस्तुतिकरण विशेषज्ञों के समक्ष रखा गया?। इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् प्रो सी. आर. बाबू ने मां मंदाकिनी नदी को कैसे सदानीरा बना सके और श्री कामतानाथ के स्थल को कैसे मूल स्वरूप में बनाए रखें इसके लिए उन्होंने अपनी जो विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसका सभी विशेषज्ञों के समस्त प्रस्तुतीकरण उनके द्वारा किया गया। इस मौके पर सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस ने कहा कि जब भी चित्रकूट की बात होती है तो जन सामान्यत: पहाड़, जंगल और मंदाकिनी यह तीन प्रमुख विषय निकलकर आते है जिस पर प्रमुखता से कार्य करने की जरूरत है, इस संदर्भ में उन्होंने नगर परिषद के साथ-साथ संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए विशेषज्ञों की रिपोर्ट को ध्यान में रखकर प्रभावी क्रियान्वयन की बात कही।